दिनांक 01.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुंदरानी के निर्देश पर निगम भिलाई क्षेत्रान्तर्गत गीले कचरे से खाद बनाने का कार्य किया जा रहा है जिसे विक्रय करने हेतु कई स्थानों पर विक्रय केन्द्र स्थापित किया गया है नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय के स्वास्थ्य विभाग, पुराना रोजगार कार्यालय पावर हाउस, से वर्तमान में सिटी कम्पोस्ट सोनहा खातु प्राप्त किया जा सकता है। जिसकी कीमत बाजार दर की तुलना में बहुत ही कम हैं, व रासायनिक दुष्प्रभाव से बचने हेतु इस खाद का उपयोग बाड़ी, खेत खलियान, सब्जियों, गमलों, फुल–पौधों, क्यारियों में किया जा सकता है।

सोनहा खातु को पौधे बेचने वाले व्यवसायियों को 200 नग पैकेट विक्रय किया गया निगम भिलाई द्वारा विक्रय कर एक हजार रुपये की आय प्राप्त की गई। आयुक्त के प्रियदर्शनी परिसर के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया था कि पौधे बेचने वाले व्यवसायियों द्वारा पौधों में डालने के लिए युरिया का उपयोग एवं विक्रय किया जा रहा था जिसपर आयुक्त ने संज्ञान लेते हुए युरिया की जगह निगम द्वारा बनाया गया सोनहा खातु को पौधों के लिए उपयोग में लाने की सलाह दी गई थी जिससे लोग युरिया की जगह सोनहा खातु लेने तैयार हुए।

इ जनसम्पर्क अधिकारी